**सोशल मीडिया सेल आजमगढ़**

**पत्र सं0- 322/21** **दिनांक- 05 जुलाई 2021**

**प्रेस-विज्ञप्ति**

**थाना- बरदह**

**पुलिस मुठभेड़ में चार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, 02 देशी पिस्टल, 01 तमंचा, 03 जिन्दा कारतूस व 02 मोटरसाईकिल भी बरामद**

दि0 27-06-21 को ग्राम बौवापार मे नाली के विवाद को लेकर हुई हत्या के संबंध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 141/21 धारा 147/148/149/452/307/302 भा0द0वि0 व 7 CLA ACT पंजीकृत हुआ कर, विवेचना प्र0नि0 श्री विनय कुमार मिश्रा द्वारा संपादित की जा रही थी। दौराने विवेचना अभि0गण 1- राजन सिह पुत्र अशोक सिह सा0 सादीपुर थाना बरदह आजमगढ 2-सुजीत सिह पुत्र त्रिभुवन सिह सा0 इरनी थाना बरदह आजमगढ 3- शुभम राय पुत्र देवदत्त राय सा0 बीकापुर थाना बरदह आजमगढ व 2-3 व्यक्ति नाम पता अज्ञात का नाम प्रकाश मे आया था।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ श्री सुधीर कुमार सिंह** व अपर पुलिस अधीक्षक नगर आजमगढ तथा क्षेत्राधिकारी लालगंज के निर्देशन मे अपराध जगत मे अंकुश लगाये जाने व वांछित अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी के क्रम मे दिनांक 04.07.21 को प्र0नि0 विनय कुमार मिश्रा मय राह उ0नि0 माखन सिंह प्र0 चौकी ठेकमा थाना बरदह आजमगढ़ मय राह हे0का0 योगेन्द्र यादव के चौकी ठेकमा से रवाना होकर देखभाल क्षेत्र शांति ब्यवस्था व रात्रिगस्त करते हु ए ग्राम बौवापार आये। ग्राम बौवापार में शान्ति ब्यवस्था ड्यूटी में नियुक्त हे0क0 नरेन्द्रनाथ मिश्रा तथा रि0का0 आदेश यादव को भी राह लेकर पतारसी सुरागरसी व तलाश वांछित अपराधी करता हुआ सरायमोहन तिराहे पर आये। इसी दौरान सेकेण्ड मोबाइल से उ0नि0 श्री राजबहादुर यादव मय अपने राह का0 आदित्य मिश्रा व का0 राजू यादव Hg मो0 अबरार के उपस्थित आये, लोग आपस में अपराध एवं अपराधियो के संबंध में बात चीत कर रहे थे कि उसी समय उ0नि0 श्री शमशाद अली मय राह का0 राजेन्द्र कुशवाहा के रात्रिगस्त करते हुए बक्सपुर की तरफ से आ गये और सभी एक दूसरे से बात चीत कर ही रहे थे कि मुखबिर ने आकर बताया कि ग्राम बौवापार वाली हत्या में शामिल 04 बदमाश दो मोटर साइकिलो से बीकापुर की तरफ से आ रहे है जिनके असलहा भी है बहुत ही शातिर किस्म के बदमाश है टूटे हुए गुजरा पुल पर सकरा रास्ता है जल्दी किया जाय तो घेरा बन्दी करके वहां पकड़े जा सकते है। इस सूचना पर विश्वास करके सभी अधिकारी /कर्मचारीगणो को मकसद बताकर मुखबिर को साथ लेकर बताये स्थान की तरफ तत्काल रवाना हुए और टूटे हुए **गुजरा पुल पर** आ गये। सूनसान जगह है, आता जाता हुआ कोई दिखाई नही दे रहा है। उ0नि0 द्वारा पुलिस के सरकारी व प्राइवेट वाहनो को पुल से कुछ दूरी पर खड़ा करके दो टीमे तैयार की गई, प्रथम टीम में **उ0नि0 माखन सिंह व उ0नि0 शमशाद अली, हे0का0 योगेन्द्र यादव, हे0का0 नरेन्द्र नाथ मिश्रा, रि0का0 आदेश यादव तथा द्वितीय टीम में राजबहादुर यादव, का0 आदित्य मिश्रा, का0 राजू यादव व का0 राजेन्द्र कुशवाहा** को लगाया गया। प्रथम टीम पुल के पूरब तरफ तथा दूसरी टीम पुल के पश्चिम तरफ लगाई गई इसी दौरान बक्शपुर की तरफ से दो मोटर साइकिलो की हेड लाइट आती हुई दिखाई दी। थोड़ी दूर से ही देखकर मुखबिर ने बताया कि साहब इन्ही मोटर साइकिलों पर वही बदमाश हो सकते हैं ऐसा बताकर वह पीछे चला गया इस पर दोनो टीमो द्वारा सतर्क होकर घात लगा ली गई, जैसे ही यह दोनो मोटर साइकिले द्वितीय पुलिस टीम के समीप पहुंची तो पुलिस टीम द्वारा इनको रोकने का इशारा किया गया तो एकदम जोर से आवाज आई कि गोली मारो सालो को ये पुलिस वाले हैं। इतने में दो बदमाशों द्वारा दोनो पुलिस पार्टियों पर जान से मारने की नियति से निशाना साध कर एक-एक फायर किया गया कि पुलिस वाले सिखलाए हुए तरीके से बाल बाल बच गये तथा दोनो टीमो द्वारा पुल के दोनो तरफ से घेराबंदी करके दोनो मोटर साइकिलों पर सवार दो दो व्यक्तियों को मोटर साइकिलों पर ही पकड़ लिया गया पकड़े गये व्यक्तियों से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गई तो सफेद मो0सा0 अपाचे बिना नम्बर के चालक ने अपना नाम **सुजीत सिंह s/o त्रिभुवन सिंह r/o इरनी psबरदह आजमगढ़ उम्र करीब 24 वर्ष** बताया। इसकी जामा तलाशी से पहनी लोवर की बांई फेट में खुसा हुआ एक अदद तमंचा 315 बोर जिसकी नाल लोहा करीब 10 अंगुल, नाल पर निशाना लगाने घुण्डी लगी है, बाडी करीब 06 अंगुल लोहे की जो दोनो तरफ एल्यूमिनियम की चाप से कसी है, तथा नाल खोलने व बन्द करने के लिए खटका लगा है। नीचे ट्रेगर व ट्रेगरगार्ड लगा है, ऊपर हैमर लगा है। बट करीब 05 अंगुल लोहे का जिस पर दोनो तरफ लकड़ी लगी हुई है नाल खोल कर देखा गया तो नाल में एक **अदद जिन्दा कारतूस पीतल का जिस पर KF लिखा है बरामद हुआ।** कारतूस को अलग किया गया तथा पहनी लोवर की दाहिनी जेब से **150/- रूपये** एक सौ का एक पचास का नोट बरामद हुआ तथा इसी मो0सा0 पर पीछे बैठे दूसरे व्यक्ति ने अपना **नाम आशीष तिवारी S/O सत्यशील तिवारी R/O बौवापार PS बरदह आजमगढ़ उम्र करीब 30 वर्ष** बताया जिसकी जमा तलाशी से दाहिने हाथ में लिया हुआ एक देशी पिस्टल 32 बोर जिसकी नाल लोहे की करीब 06 अंगुल, स्लाइड सिस्टम से जुड़ी हुई है, ट्रेगर व ट्रेगर तथा बाई साइड में लाक सिस्टम तथा ऊपर हैमर लगा है बट गजीन करीब 05 अंगुल जो दोनो तरफ से माइका से कसी हुई है। गजीन लगी है। लाक लगा है तथा डोरी डालने के लिए रिंग लगी है पिस्टल का चैम्बर देखा गया तो एक जिन्दा कारतूस जिस पर KF लिखा है चैम्बर में है कारतूस को अलग किया गया। नाल सूंघ कर देखा गया तो ताजे फायर होने के बारूद की गंध आ रही है इसकी पहनी जीन्स की पैन्ट की दाहिनी जेब **से 200/- रूपये 100-100** के दो नोट बरामद हुए इनकी मो0सा0 अपाचे सफेद रंग पर नम्बर प्लेट नही लगी है टार्च की रोशनी में देखा गया तो चेचिस नं0 634KL65E2H57736 तथा इंजिन नं0 OE6HE2044390 अंकित है। तथा दूसरी मो0सा0 पर बैठे चालक से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम **आजाद सिंह S/O रामकेर सिंह R/O सादीपुर PS बरदह आजमगढ़ उम्र करीब 25 वर्ष बताया** जामा तलाशी ली गई तो पहने हुए लोवर के दाहिनी जेब से **100-100 के दो नोट कुल 200/- रूपये** मिले तथा इसी मो0सा0 पर पीछे बैठे

व्यक्ति से उसका नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम **शुभम राय S/O देवदत्त राय R/0 बीकापुर PS बरदह आजमगढ़ उम्र करीब 25 वर्ष** बताया जिसकी जामा तलाशी से दाहिने हाथ में पकड़े हुए एक अदद **पिस्टल 32 बोर जिसकी** नाल करीब 6 अंगुल लोहे की स्लाइड सिस्टम में फीड है ट्रेगर, ट्रेगर गार्ड लगा है लाक सिस्टम लगा है, हैमर लगा है बट करीब 05 अंगुल लोहे का जो दोनो तरफ माइका से कसी हुई है। गजीन लगी है एवं गजीन लाक लगा हुआ है पिस्टल का चैम्बर देखा गया तो एक अदद जिन्दा कारतूस चैम्बर में है, जिसे अलग किया गया। कारतूस 32 बोर पीतल का जिस पर KF लिखा हुआ है तथा पहनी पैन्ट की दाहिनी जेब से एक **200 तथा 50 का नोट कुल 250** /- रूपये बरामद हुए। पिस्टल की नाल को सूंघ कर देखा तो ताजे फायर होने के बारूद की गंध आ रही है। इनकी बरामद अपाचे मो0सा0 सफेद रंग बिना नम्बर की टार्च की रोशनी में देखा गया तो इसका चेचिस नं0 MD634KE47G2G80269 तथा इंजिन नं0 OE4GG2027467 अंकित है बरामदशुदा उपरोक्त सभी असलहे चालू हालत में हैं बरामदशुदा असलहों व कारतूस तथा दोनो मोटर साइकिलों के कागजात तलब किये गये तो नही दिखा सके अभियुक्तगणों का यह कृत्य अन्तर्गत का दण्डनीय अपराध है अतः अभियुक्तों के उनके अपराध का बोध कराते हुए समय 04.00 बजे दिनांक 05.07.21 को हिरासत पुलिस में लिया गया। तथा नियमानुसार वास्ते पेश करने माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**अपराध का तरीका-** अभि0गणो द्वारा एक राय होकर पुलिस पार्टी को गाली गुप्ता व जान माल की धमकी देते हुए जान से मारने की नीयत से फायर करना

**पंजीकृत अभियोग-** मु0अ0सं0 144/21 धारा 307,504,506 भादवि तथा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बरदह आजमगढ

**आपराधिक इतिहास-**मु0अ0स0 141/21 धारा 147/148/149/452/307/302 भा0द0वि0 व 7 cla act

**अभि0 -शुभम राय S/O देवदत्त राय R/0 बीकापुर PS बरदह आजमगढ़**

1-मु0अ0स0 132/15 धारा 147/148/149/352/504/506/436/427 भा0द0वि0 व 7 CLA ACT बरदह आजमगढ़

2-मु0अ0स0341/15 धारा 3(1) उ0प्र0 गुण्डा एक्ट बरदह आजमगढ़

3- मु0अ0स0 304/15 धारा 110जी द0प्र0सं0 बरदह आजमगढ़

4-मु0अ0स0 60/21 धारा 506 भा0द0वि0बरदह आजमगढ़

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. सुजीत सिंह s/o त्रिभुवन सिंह r/o इरनी psबरदह आजमगढ़ उम्र करीब 24 वर्ष
2. आशीष तिवारी S/O सत्यशील तिवारी R/O बौवापार PS बरदह आजमगढ़ उम्र करीब 30 वर्ष
3. आजाद सिंह S/O रामकेर सिंह R/O सादीपुर PS बरदह आजमगढ़ उम्र करीब 25 वर्ष बताया
4. शुभम राय S/O देवदत्त राय R/0 बीकापुर PS बरदह आजमगढ़ उम्र करीब 25 वर्ष

**बरामदगी-**

**1-** 02 अदद देशी पिस्टल 32 बोर व 02 अदद जिन्दा कार0 32 बोर

2- एक अदद देशी तमन्चा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कार0 315 बोर प्लास्टिक के डिब्बे में

3- दो अदद अपाची मोटर साइकिल

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

**1-** प्र0नि0 विनय कुमार मिश्रा , उ0नि0 माखन सिंह व उ0नि0 शमशाद अली, उ0नि0 राजबहादुर यादव, थाना बरदह आजमगढ

2- हे0का0 योगेन्द्र यादव, हे0का0 नरेन्द्र नाथ मिश्रा, रि0का0 आदेश यादव, थाना बरदह आजमगढ

3- का0 आदित्य मिश्रा, का0 राजू यादव, का0 राजेन्द्र कुशवाहा व हो0गा0 मो0 अबरार अदद थाना बरदह आजमगढ

## थाना पवई

## गैगेस्टर एक्ट में एक गिरफ्तार

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ श्री सुधीर कुमार सिंह** द्वारा चलाये जा रहे गैंगेस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त व पुरस्कार घोषित अभियुक्तो की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम मे पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी फुलपूर के निर्देशन में थानाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह मय पुलिस फोर्स थाना पवई जनपद आजमगढ के साथ अपराध एवं अपराधियों तथा संदिग्ध व्यक्ति / एवं वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी व दबिश के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे क्षेत्र मे मामूर था कि अभियुक्त अनीश अंसारी पुत्र मल्लू अंसारी ग्राम बहरौली थाना लम्भुआ जनपद सुल्तानपुर जो मु0अ0सं0 134/20 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना फूलपुर जनपद आजमगढ का वान्छित अभियुक्त था जो विगत 13 माह से लगातार फरार चल रहा था आज दिनांक 05.07.2021 को समय 11.40 AM पर कलान चौरहा थाना पवई अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया जिसके ऊपर पूर्व मे थाना फूलपुर मे गोवध से सम्बन्धित मु0अ0सं0 279/19 धारा 34 ,307,336 भादवि व 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशुक्रुरता अधिनियम से सम्बन्धित अभियोग पंजीकृत था जिसमे कुल 13 अभियुक्त थे पूर्व मे 12 अभियुक्त / हाजिर अदालत हो गये थे उपरोक्त अभियुक्त लगातार फरार चल रहा था जिसको आज गिरफ्तार किया गया।

**पंजीकृत अभियोग -**

1.मु0अ0सं0134/20 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना फूलपुर जनपद आजमगढ

**आपराधिक इतिहास -**

1.मु0अ0सं0134/20 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना फूलपुर जनपद आजमगढ

2. मु0अ0सं0 279/19 धारा 34 ,307,336 भादवि व 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशुक्रुरता अधिनियम थाना फूलपुर आजमगढ

**गिरफ्तार अभियुक्त / अभियुक्ता –**

1.अनीश अंसारी पुत्र मल्लू अंसारी ग्राम बहरौली थाना लम्भुआ जनपद सुल्तानपुर

**पुलिस टीम –**

1. श्री बृजेश सिंह थानाध्यक्ष पवई आजमगढ़
2. हे0का0 संजय यादव थाना-पवई, आजमगढ़।
3. का0 कृष्णा कुमार थाना-पवई, आजमगढ़।
4. का0 संजीव यादव थाना-पवई, आजमगढ़।
5. का0 पिन्टू कुमार थाना-पवई, आजमगढ़।
6. म0का0 अंजली सिंह थाना-पवई, आजमगढ़।